## खास-खबरें

### एलपीजी गैस के बढ़ते दामों को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन




**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शनिवार को एनएसयूआई के छात्र नेता हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में देश में एलपीजी गैस की कमी और बढ़ते दामों को लेकर सीहोर पीजी कॉलेज के गेट पर छात्रों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया गया। छात्र नेता हरिओम सिसोदिया ने बताया कि जिस प्रकार से सरकार की नाकामी की वजह से बढ़ती गैस की कमी से देश की जनता त्रस्त है एवं जनता चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर है साथ ही छात्र छात्राएं भी परेशान हैं। छात्र नेता यश यादव ने कह कि अगर समय रहते गैस की कमी को पूरा नहीं किया गया तो एनएसयूआई एक बड़ा प्रदर्शन करेगी इस मौके पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर छात्र नेता तनीष त्यागी ,अनुभाव सेन,शुभम त्यागी,केशव यादव,उदित मालवीय वंश ठाकुर, दिव्यांश मालवीय, पंकज मालवीय, यश मितौला, समीर, रुद्र वर्मा, अक्षत सैंगर, हिमांशु मितौला, कृष्ण मितौला, नमन रायखवार, दीपक बिरगोड़िया, आयुष वर्मा समस्त एनएसयूआई साथी उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत में 1,39,7 प्रकरणों का समाधान, हुई 1.89 करोड़ की वसूली



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबसौदाः** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। आठ खंडपीठों में सुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के लंबित मामलों का समाधान किया गया। इस अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार, न्यायाधीश राकेश, कुमार ठाकुर, विमलेश मुडैया, रावेंद्र कुमार सोनी, अब्दुल अजहर अंसारी, साक्षी प्रसाद, आफरीन युसुफजई, स्नो मारिया तिग्गा, सृष्टि कुशवाह, अध्यक्ष अभिभाषक संघ, डीपीओ और न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। लोक अदालत में बैंक प्रीलिटिगेशन के 2,000 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 10 प्रकरण निराकृत हुए और दो लाख चौदह हजार सात सौ रुपए की समझौता राशि प्राप्त हुई।

### मासिक धर्म सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** महिलाओं एवं किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जानकी शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति, रायसेन एवं विंटेज एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में मासिक धर्म सुरक्षा एवं स्वच्छता विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की डॉ. मेघा सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए बताया कि यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इसके दौरान स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सैनिटरी पैड के सही उपयोग, समय-समय पर बदलाव, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### जिसने भारत देश में जन्म लिया है उससे बड़ा सौभाग्यशाली कोई नहीं है : पं. शास्त्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** बरेली नगर के प्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर पर श्रीमद भागवत कथा चल रही है, कथा के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ पर विराजमान पं. सुरेन्द्र शास्त्री ने उपस्थित जन समूह के समक्ष कहा कि हमारा भारत देश जिसमें जन्म लिया है उससे बडा कोई भाग्यशाली हो ही नहीं सकता है क्यों कि हमारा भारत देश सनातन परंपराओं का देश हैं जहां पर सभी सनातन परंपराओं का पालन होता है। सात दिवसीय भागवत कथा में प्रवचन कर्ता पं. सुरेन्द्र शास्त्री जी महाराज ने व्यक्ति को किसी प्रकार से अहंकार से बचकर साधना व भक्ति का रास्ता बताया उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से किसी पात्र में किसी एक पदार्थ के पहले से पड़े होने से दूसरा पदार्थ नहीं डाला जा सकता उसी प्रकार से मनुष्य के अंदर पहले से किसी प्रकार का अहंकार मौजूद होने पर मनुष्य के अंदर भक्ति और साधना नहीं उत्पन्न हो सकती उन्होंने कहा कि मनुष्य मे कितनी भी योग्यता हो भक्ति व साधना के सामने मिथ्या है। व्यास पीठ से शास्त्री जी ने बताया कि भगवान की महिमा को कोई नहीं जानता है।



### परिवहन विभाग ने 14 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर वसूला 2.78 लाख रुपए राजस्व




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** परिवहन आयुक्त के निर्देशन एवं कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला परिवहन विभाग द्वारा शहर में वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरिजेश वर्मा के नेतृत्व में सागर रोड एवं अशोकनगर रोड पर वाहनों की चेकिंग की गई। जांच अभियान के दौरान कुल 14 वाहन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 10 वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 1,72,200 रुपए तथा मोटरयान कर के रूप में 1,06,153 रुपए वसूल किया गया है। इस प्रकार कुल 2,78,353 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

# देशवासी चिंता न करें, सरकार कर रही हर संभव प्रयासः शिवराज सिंह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में गहराया घरेलू गैस सिलेंडर का संकट अब केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंच गया है। शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने मीडिया ने गैस किल्लत का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जिले में हालात इतने विकट हैं कि गैस एजेंसियों पर पुलिस के साए में ऑफलाइन नंबर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे जनता के बीच डर और तनाव की स्थिति बनी हुई है।

बता दें जिले में पिछले कई दिनों से रसोई गैस की किल्लत बनी हुई है। आलम यह है कि गैस एजेंसियों पर शनिवार को भी लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। ऑनलाइन नंबर नहीं लगने के कारण लोग परेशान हैं, जिसके चलते एजेंसियों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तैनात करना पड़ी और पुलिस की निगरानी में ही ऑफलाइन नंबर बांटे गए। जिला प्रशासन फिलहाल लोगों के मन से इस संकट का डर दूर करने में नाकाम साबित हो रहा है।

**शिवराज का आश्वासन, जल्द सामान्य होगी आपूर्तिः** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पंचायत सभागार में आयोजित (दिशा) जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस संकट पर संज्ञान लिया। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा देशवासी एलपीजी संकट को लेकर बिल्कुल भी चिंता न करें। भारत सरकार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही है। जल्द ही आपूर्ति चैन सुधरेगी और स्थिति सामान्य हो जाएगी।

**गर्मी को लेकर चिंतित दिखे शिवराजः** बैठक में आगामी गर्मी को लेकर भी चर्चा हुई। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आशंका जताई कि इस साल भीषण गर्मी पड़ सकती है, जिससे पेयजल संकट गहरा सकता है। उन्होंने बीबी रामजी योजना सहित अन्य जल योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशासन अभी से मुस्तैद रहे ताकि जनता को पानी के लिए न भटकना पड़े।

**पट्टा दो पर घर मत तोड़ोः** प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री चौहान भावुक नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि किसी भी गरीब का घर न तोड़ा जाए। उन्होंने कहा भगवान ने यह धरती सबके लिए बनाई है। यदि किसी गरीब के पास पट्टा नहीं है तो उसे अपात्र न करें, बल्कि उसे पट्टा देने की कोशिश करें।

**जनप्रतिनिधियों से रखें तालमेल :** शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को दो-टूक कहा कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर सामंजस्य होना चाहिए। तालमेल के अभाव में योजनाओं की जमीनी हकीकत का पता नहीं चल पाता, जिससे जनता परेशान होती है।

## प्राचार्यों को बाल अधिकार, पॉक्सो एक्ट एवं बालिका सुरक्षा पर दिया प्रशिक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** बालकों और बालिकाओं की सुरक्षा तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति विनीता कांस्बा के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के प्राचार्यों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक विवेक शर्मा ने प्राचार्यों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए विशेष रूप से बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के माध्यम से इन योजनाओं की जानकारी बालिकाओं तक पहुँचाना आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

इस अवसर पर विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्याम कुमार शर्मा द्वारा प्राचार्यों को बाल अधिकार, पॉक्सो एक्ट तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वहीं वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती कृतिका व्यास ने पॉक्सो एक्ट, बालिका सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर प्रशिक्षण देते हुए विद्यालयों में बालिकाओं के लिए सुरक्षित एवं संवेदनशील वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रामबाबू प्रजापति तथा सदस्य चंद्रभान सिंह बघेल, श्रीमती सुनीता दांगी, दीवान सिंह मीना एवं श्रीमती लक्ष्मी शर्मा द्वारा भी प्राचार्यों को बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया और विद्यालयों में बच्चों के हितों की रक्षा के लिए समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता बताई गई।

## महिला सम्मान कार्यक्रम संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में यहां आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं सीपा-समर्थ इन पार्टिसिपेटरी एक्शन सोसायटी एनसीएचएसई द्वारा महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता, कृषि एवं आजीविका से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी महिला सदस्यों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत विदिशा से जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राधेश्याम खंगार, जिला पंचायत लेखा शाखा मनरेगा से विजय देवरिया, अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती वंदना जाधव, सरपंच राहुल गुर्जर, जनपद सदस्य श्रीमती रेखा गौड़, ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्य और स्व सहायता समूहों के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिंहस्थ निर्माण कार्य के दौरान मजदूर की मौत ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग को लेकर चक्काजाम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** उज्जैन में सिंहस्थ से जुड़े निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से एक श्रमिक की मौत के बाद शनिवार सुबह परिजनों और समाज के लोगों ने जमकर हंगामा किया। चरक अस्पताल के सामने आक्रोशित लोगों ने आगर रोड पर चक्काजाम कर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मृतक परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की।

मृतक की पहचान राकेश सूर्यवंशी (42) पुत्र रामचंद्र सूर्यवंशी, निवासी ग्राम खड़ोतिया के रूप में हुई है। शुक्रवार शाम कोयला फाटक से निजातपुरा मार्ग पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान वे इलेक्ट्रिक से संबंधित काम कर रहे थे। इसी दौरान पाइप की मरम्मत करते समय ग्राइंडर मशीन चलाते हुए वे करंट की चपेट में आ गए। साथी मजदूर उन्हें तत्काल चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के पीएम रूम में रखवा दिया गया।



**परिजनों और संगठनों ने किया चक्काजामः** शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन, सूर्यवंशी समाज के लोग, शिवसेना और भीम आर्मी के पदाधिकारी चरक अस्पताल के सामने एकत्रित हो गए। आक्रोशित लोगों ने आगर रोड पर चक्काजाम कर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। करीब एक घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही और पीएम रूम परिसर के बाहर हंगामा चलता रहा। प्रदर्शनकारियों ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने और उसके बेटे को नगर निगम में आउटसोर्स के माध्यम से नौकरी देने की मांग की।

**परिवार ने सूचना देर से मिलने का आरोप लगायाः** मृतक के बेटे अभिषेक सूर्यवंशी ने बताया कि वह पेट्रोल पंप पर काम करता है। घटना की जानकारी उसे एक मित्र के फोन से मिली। जब वह अस्पताल पहुंचा तो उसके पिता का शव पोस्टमार्टम रूम में रखा हुआ था। परिजनों का आरोप है कि उन्हें घटना की सूचना समय पर नहीं दी गई।

**प्रशासन ने दिया जांच का आश्वासनः** मामले में एसडीएम ने बताया कि परिजनों की मांगों को सुना गया है और थाना प्रभारी को पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नियमानुसार मिलने वाली राहत राशि पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी। प्रशासन की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और यातायात बहाल हो सका।

## देपालपुर में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस सम्मेलन में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, पीथमपुरः** देपालपुर क्षेत्र में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस का सम्मेलन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन का आयोजन क्षेत्र के चार स्थानों पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।




कार्यक्रम में पंच, सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष तथा संगठन के पूर्व पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव सत्यानारायण पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष मनोज गौतम, इंदौर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, राधेश्याम पटेल सहित देपालपुर क्षेत्र के कई वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। बेटमा नगर अध्यक्ष एवं उनकी समिति द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन में दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष उमा नारायण पटेल सहित अन्य नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य अंतिम मतदाता तक पहुंचना है।

उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा पन्ना प्रमुख बनाए जाएंगे तथा 20-20 घरों के परिवारों को जोड़ने के लिए समितियां बनाई जाएंगी। संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी और जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

पटवारी ने कहा कि सरपंच, पार्षद, विधायक, लोकसभा सदस्य और जनपद सदस्य के चयन में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समितियों की राय को महत्व दिया जाएगा तथा किसी को भी पैराशूट की तरह नहीं उतारा जाएगा।

### एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने मंदसौर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 46 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीएन की मध्यप्रदेश इकाई को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बाइक के माध्यम से प्रतापगढ़ क्षेत्र से अवैध एमडी पाउडर लेकर मंदसौर में तस्करों को सप्लाई करने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर सीबीएन मंदसौर प्रथम खंड की टीम ने शनिवार सुबह शहर के प्रमुख मार्गों और संदिग्ध स्थानों पर निगरानी शुरू की। निगरानी के दौरान टीम ने मंदसौर के एमआईटी चौराहे के पास एक संदिग्ध बाइक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक प्लास्टिक पैकेट में रखा 46 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुआ। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर ही एमडी पाउडर और बाइक को जब्त कर लिया।

## नपाध्यक्ष ने शिवराज से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना को सीहोर लाने की मांग की



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** रविवार को प्रदेश के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री शिवराज द्वारा कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशाजिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने श्री चौहान से एनबीडीए के अंतर्गत नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना को सीहोर जल्द लाने की मांग की। इस मौके पर उन्होंने कहाकि नगर पालिका के द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक पेयजल टंकियों का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है। इसके अलावा पीएम आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के आवास आदि निर्माण की बात भी रखी।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा पूर्व सीएम से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना पर तेजी से कार्य करने पर चर्चा की गई। इस दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि हजारों करोड़ों की इस योजना से हर वार्ड के लोगों को नर्मदा का जल की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के द्वारा आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकियां का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। नर्मदा का पानी भगवानपुरा डेम से इन पानी की टंकियों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को वितरण किया जाएगा। जिससे पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा।

नपाध्यक्ष श्री राठौर के नेतृत्व में करीब 32 करोड़ की अमृत योजना 2.0 से शहरवासियों को आगामी दिनों में नियमित रूप से पेयजल की सप्लाई हो सकेगी।

**स्पेशल खबर** कृषि विकास को मिली नई दिशा

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का समापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** जिला किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा आत्मा योजना अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का समापन 14 मार्च 2026 को जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा और जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि के.पी. भगत, सहायक संचालक दुष्यंत कुमार धाकड़ सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।




समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं का बहुआयामी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कृषकों से कहा कि कृषि, उद्यान, मत्स्य और पशुपालन विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर खेती को लाभकारी बनाएं और रायसेन जिले का नाम प्रदेश एवं देश स्तर पर रोशन करें।

जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी ने कहा कि कृषकों को उन्नत तकनीक अपनाकर फसल उत्पादन के साथ-साथ सब्जी, फल, फूल, पशुपालन और बकरी पालन में भी लाभ कमाना चाहिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित करने की जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम के तृतीय दिन मध्यप्रदेश राज्य मिलेट योजना के अंतर्गत अन्न, ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी, चेना आदि फसलों के उत्पादन और प्रसंस्करण संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन किसानों को दिया गया। 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत बासमती धान के उत्पादन की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. स्वप्निल दुबे ने बताया कि रायसेन जिले में बासमती धान लगभग 2,63,000 हेक्टेयर में उगाई जाती है और छह लाख मीट्रिक टन उत्पादन होता है। जिले में 31 राइस मिल संचालित हैं, जो चावल को श्री भोग, रिवाज और रेवा भोग ब्रांड नाम से देश और विदेश में भेजती हैं।

वैज्ञानिक रंजीत सिंह राघव ने रबी फसलों की कटाई के बाद नरवाई में आग न लगाने, भूसा बनाने और रोटावेटर व डिस्क हैरो के उपयोग के तरीके कृषकों को बताए। उप संचालक कृषि के.पी. भगत ने बताया कि मिलेट्स की खेती ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कम पानी, कम उपजाऊ भूमि और कम उत्पादन लागत में मोटा अनाज उगाया जा सकता है।

मेले के समापन अवसर पर कृषि विभाग ने स्प्रिंकलर, प्राकृतिक खेती उपकरण, चेफ कटर, गेहूं और चना प्रदर्शन के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में ग्राम कचनारिया के लखनलाल शाक्य और ग्राम प्रतापगढ़ के गोविंद सिंह द्वारा जैविक खेती और किसानों की महत्ता पर आधारित गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और आकर्षक बनाया।